बाबा तेरा साथ रहे

बाबा तेरा साथ रहे ॥
खुशियों की हो सुबह,
चाहे गम की रात रहे,
बाबा तेरा साथ रहे...

मैं कही पे भी रहु मुझपे हो तेरी नजर,
तेरी छाया में कटे मेरे जीवन का सफर,
हर घड़ी हर पेहर हाथो में हाथ रहे,
बाबा तेरा साथ रहे ...

जिस तरफ देखु प्रभु तेरा ही नजारा हो,
तेरा हर प्रेमी मुझे प्राणो से प्यारा हो,
उम्र भर दिल में वस् एक यही जज्बात रहे,
बाबा तेरा साथ रहे...

मैं तो आउ न कभी दुनिया के धोखे में,
जन्मो जन्मो तक प्रभु तेरा ही होके मैं,
हर जनम में प्रभु तुमसे मुलाकात रहे,
बाबा तेरा साथ रहे ....

मुझसे छूटे न कभी सेवा का काम प्रभु,
जोड़े रखना तू सदा मुझसे अपना नाम प्रभु,
इतनी सी अर्ज है सोनू की ये बात रहे
बाबा तेरा साथ रहे ....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5154/title/baba-tera-sath-rahe-khushiyo-ki-ho-subha-chahe-gam-ki-raat-rahe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |